| |
|---|
| कुल छपे पृष्ठों की संख्या - 6 |
| कुल छपे प्रश्नों की संख्या - 23 |



| नामांक | | | |
|---|---|---|---|

# वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-2024

## कक्षा—IX ( नवमीं )

## विषय—हिन्दी

**समय : 3¼ घंटे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश : ( 1 ) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।**

**( 2 ) विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न-पत्र पर अनिवार्यतः लिखे।**

**( 3 ) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित है।**

### खण्ड : अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 8×1=8

श्रद्धा एक सामाजिक भाव है, इससे अपनी श्रद्धा के बदले में हम श्रद्धेय से अपने लिए कोई बात नहीं चाहते। श्रद्धा धारण करते हुए हम अपने को उस समाज में समझते हैं जिसके अंश पर चाहे हम व्यष्टि रूप में उसके अंतर्गत न भी हो - जान बूझकर उसने कोई शुभ प्रभाव डाला। श्रद्धा स्वयं ऐसे कर्मों के प्रतिकार में होती है, जिसका शुभ प्रभाव अकेले हम पर ही नहीं बल्कि सारे मनुष्य समाज पर पड़ सकता है। श्रद्धा एक ऐसी आनंद पूर्ण कृतज्ञता है, जिसे हम केवल समाज के प्रतिनिधि रूप में प्रकट करते हैं। सदाचार पर श्रद्धा और अत्याचार पर क्रोध या घृणा प्रकट करने के लिए समाज ने प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिनिधित्व प्रदान कर रखा है। यह काम उसने इतना भारी समझा है कि उसका भार सारे मनुष्यों को बाँट दिया है, दो चार मानवीय लोगों के सिर पर नहीं छोड़ रखा है। जिस समाज में सदाचार पर श्रद्धा और अत्याचार पर क्रोध प्रकट करने के लिए जितने ही अधिक लोग तत्पर पाये जायेंगे उतना ही वह समाज जागृत समझा जायेगा। श्रद्धा की सामाजिक विशेषता एक इसी बात से समझ लीजिए कि जिस पर हम श्रद्धा रखते है उस पर चाहते है कि और लोग भी श्रद्धा रखे। पर जिस पर हमारा प्रेम होता है उससे और दस-पाँच आदमी प्रेम रखे इसकी हमें परवाह क्या, इच्छा ही नहीं होती, क्योंकि हम प्रिय पर लोभवश एक प्रकार का अनन्य अधिकार या इजारा चाहते हैं।

(i) श्रद्धा की सामाजिक विशेषता है -

(क) श्रद्धेय से सब श्रद्धा-भाव रखे। (ख) श्रद्धेय से सब प्रेम-भाव रखे।

(ग) श्रद्धेय से सब क्रोध-भाव रखे। (घ) श्रद्धेय से सब स्नेह-भाव रखे।

(ii) श्रद्धालु अपने भाव में किसको शामिल करना चाहते हैं ?

(क) स्वयं को (ख) दूसरों को

(ग) परिजनो को (घ) संसार को

(iii) प्रिय पर लोभवश अनन्य अधिकार चाहते हैं -

(क) भक्ति में (ख) श्रद्धा में

(ग) प्रेम में (घ) उपर्युक्त सभी

(iv) समाज के प्रतिनिधि रूप में प्रकट की जाती है ?

(क) भक्ति (ख) नीति

(ग) श्रद्धा (घ) प्रेम

(v) श्रद्धा उत्पन्न होती है -

(क) कर्मों के शुभ प्रभाव में (ख) कर्मों के प्रतिकार रूप में

(ग) कर्मों के उपकार रूप में (घ) 'ख' और 'ग' दोनो रूपों में

(vi) श्रद्धा और प्रेम में किसका अधिक महत्व है ?

(क) श्रद्धा का (ख) प्रेम का

(ग) दोनों का (घ) किसी का नहीं

(vii) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है -

(क) श्रद्धा और प्रेम (ख) श्रद्धा का महत्व

(ग) सदाचार और श्रद्धा (घ) प्रेम का महत्व

(viii) 'प्रतिनिधि' शब्द में समास है -

(क) अव्ययीभाव समास (ख) तत्पुरुप समास

(ग) कर्मधारय समास (घ) द्विगु समास

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7×1=7

घेर घेर घोर गगन धाराधर ओ!
ललित ललित काले घुंघराले, बाल कल्पना के - से पाले,
विद्युत छवि उर में, कवि नवजीवन वाले। वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो -
बादल, गरजो! विकल विकल, उन्मन हो उन्मन
विश्व के निदाध के सकल जन, आए अज्ञात दिशा से अनंत के धन!
तप्त धरा, जल से फिर शीतल कर दो -
बादल, गरजो!

(i) कवि बादल से क्या करने के लिए कहता है ?

(क) वर्षा नहीं करने के लिए (ख) यहाँ से जाने के लिए

(ग) घनघोर गर्जना करने के लिए (घ) छाया करने के लिए

(ii) 'निदाध' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

(क) जलना (ख) ग्रीष्म ऋतु

(ग) बादल (घ) दाग रहित

(iii) धरा किस कारण तप्त बतायी गयी है ?

(क) बादल की गर्जना से (ख) अत्यधिक गर्मी एवं लू से

(ग) ज्वालाग्नि के कारण (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) कविताांश में बादल की उपमा किससे दी गई है ?

(क) कवि से (ख) अज्ञात दिशा से

(ग) नूतन कविता से (घ) बाल - कल्पना से

(v) निम्न में से 'बादल' शब्द का पर्यायवाची नहीं है ?

(क) मेघ (ख) जलद

(ग) घन (घ) पय

(vi) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक बताइए :

(क) बादल गरजो (ख) नवजीवन

(ग) विश्व के निदाघ (घ) नूतन कविता

(vii) विकल विकल उन्मन थे 'उन्मन' पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?

(क) यमक अलंकार (ख) श्लेष अलंकार

(ग) उपमा अलंकार (घ) अनुप्रास अलंकार

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) 'लेखिका' शब्द में ................ प्रत्यय है।

(ii) संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को ................ कहते हैं।

(iii) 'परीक्षा' में ................ उपसर्ग है।

(iv) 'अनुज' का विलोम ................ है।

(v) परसर्ग 'ने' के कारण क्रिया सदा ................ में होती है।

(vi) 'आँखो का तारा होना' मुहावरे का अर्थ ................

(vii) 'पवन' का पर्यायवाची ................ है।

(viii) वाक्य के ................ अंग होते हैं।

## खण्ड : ब

4. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न : 12×1=12

(i) 'सुत-सूत' युग्म शब्दों का क्या अर्थ है ?

(ii) 'परसर्ग' किसे कहते हैं ?

(iii) 'स्त्री दर्पण' क्या है ?

(iv) तहमीना कौन थी ?

(v) तिब्बत में बनने वाली चाय की विशेषता क्या है ?

(vi) कवि ने वर्तमान की भयानक पंक्ति किसे बताया है ?

(vii) मेघ किस रूप में गांव में आये थे ?

(viii) कवि रसखान मनुष्य के रूप में कहाँ बसना चाहते थे ?

(ix) 'इस जल प्रलय में' शीर्षक पाठ के लेखक कौन है ?

(x) 'परदानशी' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

(xi) गोपाल प्रसाद किस विचार का व्यक्ति था ?

(xii) परसर्ग 'ने' का प्रयोग किस कारक के साथ होता है ?

**निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर** लगभग 40 शब्दों में लिखिए : 9×2=18

5. **'मुट्ठी गरम करना'** मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए **वाक्य में प्रयोग कीजिए।**
6. वाक्य किसे कहते हैं ? रचना के आधार पर **वाक्य के प्रकार लिखिए।**
7. **लेखक ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ?**
8. **लेखिका उर्दू-फारसी क्यों नहीं सीख पाई ?**
9. **कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति विषयक** मूल्य उभरकर आए हैं ?
10. 'मोकों कहाँ ढूँढे बंदे' पद में कवीर ने क्या संदेश दिया है ?
11. बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?
12. 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।
13. बाढ पीड़ित क्षेत्र में कौन-कौन सी बीमारियों फैलने की आशंका रहती है ?

खण्ड : स

14. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए : 6×1=6

एक दिन उन्होंने कहा, महादेवी, तुम कविता लिखती हो ? तो मैंने डर के मारे कहा 'नहीं'। अंत में उन्होंने मेरी किताबों की तलाशी ली और बहुत सा निकल पड़ा उसमें से। तब जैसे किसी अपराधी को पकड़ते है, ऐसे उन्होंने एक हाथ में कागज लिए ओर एक हाथ में मुझे पकड़ा और पूरे हॉस्टल में दिखा आई कि ये कविता लिखती है। फिर हम दोनों की मित्रता हो गयी। क्रॉस्थ वेट में एक पेड़ की डाल नीची थी। उस डाल पर लोग बैठ जाते थे और लड़कियाँ खेलती थी तब हम लोग तुक मिलाते थे।

(i) **महादेवी ने सुभद्रा से झूठ क्यों बोला ?**

(ii) **क्रॉस्थवेट क्या है ?**

(iii) **क्रास्थ वेट की क्या विशेषता थी ?**

(iv) **जब सब खेलते थे, उस समय लेखिका क्या** करती थी ?

(v) **सुभद्राजी ने किसकी तलाशी ली ?**

(vi) **सुभद्राजी पूरे हॉस्टल में क्या दिखा आई ?**

**अथवा**

**लेकिन गधे का एक छोटा भाई और भी है जो उससे कम ही गधा है और वह है बैल। जिस अर्थ में हम गधे का प्रयोग करते है कुछ उसी से मिलते जुलते अर्थ में बछिया 'क' ताऊ का भी प्रयोग करते है। कुछ लोग बैल को शायद बेवकूफों मे सर्वश्रेष्ठ कहेगे, मगर हमारा विचार ऐसा नहीं है। बैल कभी-कभी मारता**

भी है कभी-कभी अडियल बैल भी देखने में आता है और भी कई रीतियों से अपना असंतोष प्रकट कर देता है, अतएव उसका स्थान गधे से नीचा है।

(i) बैल को गधे का छोटा भाई क्यों कहा गया है ?

(ii) 'बछिया का ताऊ' किसे कहा जाता है ?

(iii) अडियल का क्या अर्थ है ?

(iv) हम 'गधे' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में करते है ?

(v) बैल का स्थान गधे से नीचा क्यों है ?

(vi) यह गद्यांश किसके द्वारा लिखित है ?

15. निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। 6×1=6

हिंदू मुआ राम कहि, मुसलमान खुदाइ।
कहै कबीर सो जीवता जो दुहूँ के निकटि न जाइ।

(i) 'हिंदू मुआ राम कहि' से क्या आशय है ?

(ii) 'दुहुँ के निकटि न जाइ' से कवि ने क्या संदेश दिया है ?

(iii) इस साखी में कबीर ने क्या भाव व्यक्त किया है ?

(iv) कबीर के अनुसार जीवित कौन है ?

(v) मुसलमान किसका नाम लेकर मृत्यु प्राप्त करता है ?

(vi) कवि के अनुसार सच्चे साधक को किसके निकट नहीं जाना चाहिए ?

**अथवा**

पीले मीठे अमरूदों में, अब लाल-लाल चित्तियाँ पड़ी
पक गये सुनहले मधुर बेर, अँवली से तरू की डाल जड़ी।
लहलह पालक, महम धनिया, लौकी औ सेमफली फैली
मखमली टमाटर हुए लाल, मिरचों की बड़ी हरी थैली।

(i) कविता मे अमरूदों की क्या विशेषता बताई गई है ?

(ii) 'अँवली से तरू की डाल जड़ी' का क्या आशय है ?

(iii) 'लहलह पालक, महम धनिया' से क्या आशय है ?

(iv) बेर की विशेषताएँ बताइए।

(v) 'लाल-लाल चित्तियाँ' से क्या आशय है ?

(vi) कवि ने टमाटर को किनके समान बताया है ?

16. कवयित्री ललघद ने परमात्मा की प्राप्ति का क्या उपाय बताया है ? 3

**अथवा**

'साँवले सपनों की याद' पाठ से क्या प्रेरणा मिलती है ?

17. "शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है।" इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का क्या उद्देश्य है ? लिखिए।

18. कवि रसखान का परिचय दीजिये। 4

अथवा

मुंशी प्रेमचंद का परिचय दीजिए।

## खण्ड : द

19. उपभोक्तावाद संस्कृति का व्यक्ति विशेष पर क्या प्रभाव पड़ा है ? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

"या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरान धरौंगी।" इसमें निहित भाव एवं शिल्प सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए।

20. 'मेरे संग की औरतें' संस्मरणात्मक पाठ का मूल प्रतिपाद्य क्या है ? स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

"अच्छा है कुछ भी नहीं। कलम थी वह भी चोरी चली गई। अच्छा है, कुछ भी नहीं - मेरे पास" मूवी कैमरा, टेपरिकार्डर आदि की तीव्र उत्कंठा होते हुए भी लेखक ने अंत में उपर्युक्त कथन क्यों कहा ?

21. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 6

**( 1 ) चुनाव का एक दृश्य**

**संकेत बिन्दु—** (1) चुनाव का दृश्य (2) लोकतंत्र में चुनाव का महत्व (3) चुनाव के दिनों में दिखाई देने वाला दृश्य (4) प्रमुख राजनीतिक दल एवं मतदान दिवस (5) उपसंहार

**( 2 ) मेरे आदर्श शिक्षक**

**संकेत बिन्दु—** (1) प्रस्तावना (2) आदरणीय गुरुजी : व्यक्तित्व एवं स्वभाव (3) गुरुजी का अनुकरणीय जीवन (4) गुरुजी का छात्रों पर प्रभाव (5) उपसंहार

**( 3 ) स्वच्छ भारत अभियान**

**संकेत बिन्दु—** (1) प्रस्तावना (2) स्वच्छता अभियान का उद्देश्य (3) स्वच्छता अभियान का व्यापक क्षेत्र (4) स्वच्छता अभियान से लाभ (5) उपसंहार

**( 4 ) मेरे सपनों का भारत**

**संकेत बिन्दु—** (1)प्रस्तावना (2) नव स्वतंत्र भारत के प्रति मेरी भावना (3) इक्कीसवीं सदी का भारत (4) प्रगतिशील भारत की कामना (5) उपसंहार

22. स्वयं को देवली निवासी रितेश मानकर कोटा निवासी अपने मित्र को अपने गाँव में ग्रीष्मावकाश विताने हेतु एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

वार्षिक परीक्षा तैयारी पर दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

23. आपके विद्यालय में S.U.P.W. शिविर आयोजित हुआ। इस पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 4